हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 7 मई 2024

तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

11 लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में चल रहा सघन चैकिंग अभियान



12 नशे के दुष्प्रभाव के प्रति किया जागरूक



### खबर संक्षेप

**घर में घुसकर मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार**

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने सुलखा गांव में घर में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर गत 30 जनवरी को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। इस मामले में अनुज और अजय को काबू किया है। दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

**नांगल पठानी में बुजुर्ग घर से लापता**

**रेवाड़ी।** नांगल पठानी में 83 वर्षीय बुजुर्ग घर से लापता हो गया। पुलिस शिकायत में सुनील कुमार ने बताया कि उसका पिता दलीप सिंह शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त है। वह कई दिनों से मानसिक रूप से बीमार चल रहा है। 3 मई को उसका पिता घर से कहीं चला गया। काफी तलाश करने के बाद भी उसके पिता का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आगामी कार्यवाही शुरू कर दी।

**टायर चोरी के मामले में एक आरोपी काबू**

**बावल।** थाना बावल पुलिस ने चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गत वर्ष 12 अगस्त को हुई चोरी की वारदात के बाद पुलिस ने केस दर्ज करते हुए जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में यूपी के गिरधरपुर निवासी बंटू को गिरफ्तार किया है। उस पर गाड़ी के टायर चोरी करने का आरोप है। उससे पूछताछ करने के बाद पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा के तहत जेल भेज दिया गया।

**नेहरू पार्क के बाहर खड़ी बाइक चोरी**

**रेवाड़ी।** नेहरू पार्क के बाहर खड़ी एक बाइक चोरी हो गई। पुलिस शिकायत में बल्लूवाड़ा निवासी मनीष ने बताया कि वह सुबह के समय पार्क में घूमने के लिए बाइक लेकर आया था। पार्क के बाहर बाइक खड़ी करने के बाद वह घूमने के लिए पार्क के अंदर चला गया। वापस आने पर उसे बाइक नहीं मिली। तलाश करने के बाद बाइक का पता नहीं चला। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर लिया।

**मारपीट व धमकी के तीन आरोपी काबू**

**रेवाड़ी।** थाना रोहड़ाई पुलिस ने चांदनवास गांव में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर गत 4 मई को केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने गांव के ही शमशेर, आजाद व रविंद्र को गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपियों को बाद में पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

**धारूहेड़ा से बुलेट मोटरसाइकिल चोरी**

**धारूहेड़ा।** भिवाड़ी रोड पर चोर एक बुलेट मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में मिलकपुर गुर्जर निवासी कुलदीप दायमा ने बताया कि रात को करीब 9 बजे वह एक मिष्ठान भंडार पर रसगुल्ले लेने के लिए गया था। बाइक खड़ी करने के बाद वह दुकान के अंदर चला गया। 15 मिनट बाद बाहर आया तो उसकी बाइक गायब मिली। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

**केस दर्ज करने के बाद पीओ गिरफ्तार**

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने कोर्ट से घोषित पीओ के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट ने एक मामले में नूंह के देवला निवासी सुदंरलाल को पीओ घोषित किया था। उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए थे। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया।

### अस्पतालों में 40 फीसदी मरीज गर्मी की चपेट में आने से बीमार, नेत्र विभाग की ओपीडी 150 से 250 तक पहुंची

# भीषण गर्मी के चलते अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की संख्या, बुखार के साथ आंखों में एलर्जी की शिकायत







रेवाड़ी। नागरिक अस्पताल में महिला की आंखों में दवा डालती डॉ. कंचन यादव, नागरिक अस्पताल में ओपीडी स्लिप कटवाने के लिए लगी लोगों की भीड़, नागरिक अस्पताल में नेत्र विभाग की ओपीडी में इंतजार करते लोग। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

लगातार बढ़ती गर्मी से लोग बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। लोग उल्टी, दस्त व बुखार के शिकार हो रहे हैं। प्राइवेट व सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में 15 दिन पहले की तुलना में मरीजों की संख्या काफी बढ़ गई है। अस्पतालों में 40 फीसदी मरीज उल्टी, दस्त व बुखार से पीड़ित आ रहे है। नागरिक अस्पताल में दो दिन अवकाश के बाद सोमवार को मरीजों की काफी भीड़ रही। नागरिक अस्पताल में अमूमन 1000 के करीब ओपीडी होती है। जोकि इन दिनों 1300 के करीब पहुंच गई है। इसके अलावा अस्पताल के नेत्र विभाग में गर्मी में आखों की एलर्जी से पीड़ित मरीजों की ओपीडी में भी इजाफा हुआ है। नेत्र विभाग में रोजाना 150 के करीब मरीज आते थे, जोकि अब बढ़कर 250 हो गए है। डाक्टरों का कहना है कि गर्मी से होने वाली बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। भीषण गर्मी से लोगों का स्वास्थ्य बिगड़ रहा है।

**गर्मी में बाहर की चीजों से करें परहेज**

इस मौसम में दूषित पानी की आशंका बढ़ जाती है। पानी में कीटनाशक इत्यादि मिला हो तो उसे पीने से डायरिया, हैजा व टायफायड वगैरह हो सकता है। डॉक्टरों का कहना है कि बच्चों को धूप में न निकले दे। यदि बाहर निकलना जरूरी हो तो पानी पीकर निकले। गर्मी में ताजा भोजन ही करें। बाहर की चीजों से परहेज करें। यह धूप में निकाल रहे हैं तो धूप से बचाव के लिए छाता लेकर व गमछे से मुंह बांधकर चलें। पानी साफ-सुथरा पिए। पानी में शुद्धता नहीं है तो गर्मी में भी पानी उबालकर पीना चाहिए। बच्चों को धूप में न निकले दें।

**गर्मी में कुत्तों का भी दिमाग हुआ गर्म**

बढ़ती गर्मी के साथ ही जानवरों में भी चिड़चिड़ापन शुरू हो जाता है। गर्मी में परेशान कुत्ते चिड़चिड़ाहट के कारण लोगों को शिकार भी बना लेते है। इस समय अस्पतालों में कुत्ते काटने के मरीज भी काफी आ रहे है। नागरिक अस्पताल में रोजाना 35 से 40 मरीज कुत्तों के काटने के आ रहे है। नागरिक अस्पताल में फलहाल रेबीज के इंजेक्शन उपलब्ध है, लेकिन ग्रामीण इलाकों में कई सीएचसी व पीएचसी में रेबीज के इंजेक्शन नहीं है। सरकारी अस्पताल में जहां रेबीज का इंजेक्शन 100 रुपये में लगाया जाता है वहीं प्राइवेट मेडिकल स्टोर पर इंजेक्शन की कीमत 350 रुपये के करीब है।

**मौसम बदलने का असर आंखों पर**

*गर्मी के मौसम में नागरिक असपताल के नेत्र विभाग की ओपीडी 40 फीसदी बढ़ गई है। नागरिक अस्पताल में रोजाना 150 के करीब मरीज आ रहे थे, जोकि अब बढ़कर 250 हो गए है। तेज धूप, गर्मी व गर्म हवाओं की वजह से लोगों की आखों में एलर्जी, खुजली, पानी आना, जलन, आंखे लाल होना व चिपक जाने की शिकायत आ रही है। मौसम बदलने का असर शरीर के साथ आंखों पर भी पड़ रहा है। स्कूलों की छुट्टी होने के कारण ओपीडी में बच्चों की संख्या भी बढ़ रही है। आंखों को रगड़ने से बचना चाहिए। आंखों को बार-बार पानी से धोते रहे। धूप में चश्मा लगाकर ही बाहर निकलना चाहिए, इससे संक्रमण तेजी से नहीं बढ़ेगा। अधिक परेशानी होने पर डॉक्टर को दिखाए, बिना सलाह के आंखों में कोई दवा न डाले।*

*-डॉ. कंचन यादव, नेत्ररोग विशेषज्ञ।*

# ट्रक की बैट्री चोरी कर रहे थे लोगों की मदद से तीन काबू

- उनके तीन-चार साथी मौके से फरार हो गए
- पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों के अन्य साथियों की तलाश शुरू कर दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बावल


आईएमटी में एक ट्रांसपोर्ट कंपनी के ट्रक की बैट्री चोरी कर रहे तीन आरोपियों को ट्रांसपोर्टर ने लोगों की मदद से काबू कर लिया। उनके तीन-चार साथी मौके से फरार हो गए। तीनों आरोपियों को पिकअप गाड़ी समेत कसोला पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों के अन्य साथियों की तलाश शुरू कर दी। उनकी गिरफ्तारी से बड़े गिरोह का खुलासा होने की भी संभावना जताई जा रही है। पातुहेड़ा निवासी सहीराम ट्रांसपोर्ट कंपनी चलाता है। सोमवार तड़के करीब 4 बजे वह घूमने के लिए निकला था। इसी दौरान उसे अपने आफिस की चारदीवारी का गेट खुला हुआ मिला। नजदीक जाकर देखा तो वहां एक पिकअप गाड़ी खड़ी थी। चारदीवारी के अंदर खड़े ट्रक की बैट्री 6-7 लड़के खोल रहे थे, जबकि तीन लोग पिकअप गाड़ी में बैठे हुए थे। सहीराम को देखकर बैट्री खोल रहे युवक भाग गए, जबकि तीन पिकअप गाड़ी में बैठे रहे। चालक से गाड़ी स्टार्ट नहीं हुई। सहीराम ने आसपास के लोगों की मदद से तीनों को काबू कर लिया। पकड़े गए आरोपी राहुल, निजामुद्दीन व विजय पाल हैं। सहीराम ने लोगों की मदद से तीनों को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उनसे पूछताछ करते हुए उनके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है।

# लूट की वारदात को अंजाम देने के आरोपी गिरफ्तार, कोर्ट से रिमांड पर लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

गत 13 अप्रैल को एक बीमार बुजुर्ग को लिफ्ट देकर लूट की वारदात को अंजाम देने के दोनों आरोपियों को सिटी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन्हें कोर्ट में पेश करने के बाद एक दिन के रिमांड पर लिया गया है।

बुड़ौली निवासी बुजुर्ग रामकिशन झज्जर चौक पर एक अस्पताल में दवा लेने के लिए आया था। नाईवाली चौक पर घर जाने के लिए जब वह वाहन का इंतजार कर रहा था तो एक बाइक चालक उसके पास आकर रुक गया। उसने पूछा कि कहां जाओगा। बुजुर्ग ने बताया कि वह बुड़ौली जाएगा, तो उसने भी बुड़ौली जाने के बात कहते हुए उसे बाइक पर बैठा लिया। थोड़ा आगे चलने के बाद उसने एक अन्य युवक भी बाइक पर बैठा लिया। सहारनवास के खेतों में ले जाकर बुजुर्ग से 4 हजार रुपये और मोबाइल फोन छीनने के बाद उसे धक्का देकर दोनों आरोपी फरार हो गए। सिटी पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच करते हुए यादव नगर में रह रहे जैनाबाद निवासी हरीश उर्फ लीलू व भोतवास निवासी राधेश्याम उर्फ गोलू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी। फोटो :हरिभूमि

**पहले भी दर्ज हैं आरोपियों पर केस**

पुलिस प्रवक्ता राजकुमार ने बताया कि आरोपी राधेश्याम उर्फ गोलू पर पहले भी थाना शहर, सदर व खोल में चोरी, छीना झपटी के 3 मामले दर्ज हैं। इसके अलावा दूसरे आरोपी हरीश उर्फ लीलू पर थाना खोल, रामपुरा व कनीना में मारपीट व दुष्कर्म के 5 मामले दर्ज हैं।

# शिक्षकों से कार्ययोजना तैयार कर छात्र संख्या बढ़ाने पर दिया जोर

- खोल खंड में द्वितीय चरण के दो समूहों के प्राथमिक शिक्षकों की एफएलएन ट्रेनिंग शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

सोमवार को खंड खोल के द्वितीय चरण के दो समूहों के प्राथमिक शिक्षकों का एफएलएन प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र सिंह खनगवाल ने किया। डीईओ ने पूर्व में चले दो समूहों के प्रशिक्षण के सफलतापूर्वक संचालन व समापन के लिए बधाई दी तथा इस सत्र में सभी अध्यापकों को रूचिकर तरीके से कुशल मास्टर ट्रेनर्स के ज्ञान व अपने प्रायोगिक अनुभवों को साझा करते हुए उत्साह से भाग लेने पर बल दिया। उन्होंने शिक्षकों से विद्यालयों में छात्र संख्या बढ़ाने के लिए भी कार्ययोजना तैयार करने की अपील की। उन्होंने प्रशिक्षण के लिए सभी एबीआरसी, बीआरपी व एफएलएन कॉर्डिनेटर सुनील कुमार के प्रयासों व तैयारियों की सराहना की। खंड संसाधन समन्वयक राकेश वत्स ने जिला शिक्षा अधिकारी का स्वागत किया तथा प्रतिभागियों से आपसी चर्चा, विचार-विमर्श व अनुभवों का आदान प्रदान कर सक्रिय सहभागिता के आधार पर प्रशिक्षण में भाग लेने का आह्वान किया। बीईओ संतोष तंवर ने मुख्यातिथि का आभार व्यक्त किया तथा शिक्षकों से प्रशिक्षण के सफल व सार्थक परिणाम लाने के प्रयास करने का आह्वान किया। इस मौके पर सभी प्रशिक्षु अध्यापकों ने निष्ठापूर्वक अपने कार्यो का निर्वहन करने का आश्वासन दिया।



रेवाड़ी। अध्यापकों को संबोधित करते हुए वक्ता। फोटो :हरिभूमि

# पंचायती विकास कार्य बाधित कराने के आरोपी दंपति काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶। धारूहेड़ा

खिजूरी में गत वर्ष पंचायती विकासकार्य रुकवाने व ठेकेदार के साथ मारपीट करने के आरोपी दंपति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गांव के सरपंच की शिकायत पर पुलिस ने कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था।

सरपंच राजीव कुमार ने पुलिस शिकायत में आरोप लगाया था कि पंचायत लालडोरा के अंदर गली निर्माण का कार्य करा रही थी। इसी दौरान कुछ लोगों ने निर्माणकार्य रुकवाने का प्रयास किया। हितेश, अतर सिंह, संतोष व सनेश आदि ने बार-बार कार्य रुकवाने का प्रयास किया। 27 नवंबर 2023 को इन लोगों ने ठेकेदार राजपाल के साथ मारपीट की। अतरसिंह ने ठेकेदार पर ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास किया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी।

जांच के बाद पुलिस ने अतरसिंह और उसकी पत्नी संतोष को गिरफ्तार किया है।

**मौसम** सप्ताह के अंत में मौसम में परिवर्तन की संभावना, लू का प्रकोप भी जल्द हो सकता है शुरू

# पीक की ओर बढ़ने लगी गर्मी, तापमान फिर पहुंचा 42 डिग्री

- मई के दूसरे पखवाड़े में तापमान 45 डिग्री तक पहुंच सकता है, जिसके बाद लोगों को हीट वेव का सामना भी करना पड़ेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

मई माह के शुरू में ही प्रचंड गर्मी ने जनजीवन को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। तापमान बढ़ने के कारण आंशिक बादलों के बीच गर्मी जमकर परेशान कर रही है। दिन के साथ-साथ गर्मी ने लोगों की रातों की नींद हराम करना भी शुरू कर दिया है। गर्म हवाओं का सिलसिला जल्द ही हीट वेव में बदल सकता है। मौसम विभाग का अनुमान है कि कमजोर पश्चिम विक्षोभ की सक्रियता से 11 मई से मौसम में बदलाव आ सकता है। इसके बाद तीन-चार दिन तक आसमान में घने बादलों के बीच बूंदाबांदी या बरसात हो सकती है।

सोमवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा, लेकिन दोपहर बाद आसमान में आंशिक बादल छा गए। अधिकतम तापमान एक बार फिर 0.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 42 डिग्री पर पहुंच गया, जो सामान्य से 2 डिग्री सेल्सियस ज्यादा माना जा रहा है। न्यूनतम तापमान 1 डिग्री सेल्सियस की मामूली कमी के साथ 24 डिग्री दर्ज किया गया। तापमान बढ़ने के बाद भारी गर्मी ने लोगों को जमकर परेशान करना शुरू कर दिया है। दिन के समय कूलरों से भी गर्म हवा निकलनी शुरू हो गई। दोपहर के समय सड़कों पर यातायात के साधन कम नजर आने लगते हैं, जबकि बाजार से भीड़ गायब हो जाती है। दुकानदार कूलर और एसी के हवा में दुकानों में आराम फरमाते हैं। सुबह और शाम के समय ही लोग घरों से बाजार के लिए निकलते हैं। मौसम विभाग का अनुमान है कि एक कमजोर विक्षोभ की सक्रियता से सप्ताह के अंत में बादल छाने के बाद हल्की बरसात हो सकती है, लेकिन तापमान में ज्यादा कमी आने की संभावना नहीं है। मई के दूसरे पखवाड़े में तापमान 45 डिग्री तक पहुंच सकता है, जिसके बाद लोगों को हीट वेव का सामना भी करना पड़ेगा।



रेवाड़ी। सोमवार को गर्मी में सूना पड़ा सेक्टर। फोटो :हरिभूमि

**सत्तर लाख यूनिट के पास बिजली खपत**

भारी गर्मी के कारण बिजली की मांग में भी तेजी से वृद्धि होने लगी है। बिजली की खपत 71 लाख यूनिट से ज्यादा पहुंच चुकी है। इसमें मामूली उतार-चढ़ाव तापमान के साथ ही बना हुआ है। कूलर और एसी के कारण लोढ बढ़ रहा है। कृषि क्षेत्र में कपास की बिजाई शुरू होने से मांग बढ़ने लगी है। मांग बढ़ने के कारण बिजली निगम ने कटों की शुरूआत भी कर दी है। अगर मांग में और तेजी से वृद्धि होती है, तो पावर कट लोगों को जमकर परेशान करेंगे। खासकर शाम के समय पीक अवर्स में पावर कटों का ज्यादा सामना करना पड़ सकता है।

**भाविप ने बावल कोर्ट परिसर में वाटर कूलर लगवाया**

**बावल।** भारत विकास परिषद शाखा बावल की ओर से सोमवार को कोर्ट परिसर बावल में वाटर कूलर स्थापित किया गया। वाटर कूलर भाविप पदाधिकारी रमेश की ओर से भेंट किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय सचिव डॉ. आरबी , जिला समन्वयक मुकेश सैनी, शाखा बावल अध्यक्ष डा. प्यारेलाल, कोषाध्यक्ष संदीप रायपुर, चौधरी उदयभान, दीनदयाल सैनी, एडवोकेट विकास चौहान, अनिल कुमार, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण कुमार व एडवोकेट विरेन्द्र सिंह महलावत सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद थे। वाटर कूलर का उद्घाटन न्यायाधीशों ने किया। कोर्ट परिसर में सोमवार को दो वाटर कूलरों का उद्घाटन किया गया, जिसमें एक भारत विकास परिषद व दूसरा वाटर कूलर एडवोकेट अनिल कुमार जैतडावास व एडवोकेट भूपेंद्र खटाणा ने स्थापित किया है।



मातृ दिवस, 12 मई विशेष

हरिभूमि सहेली

रोहतक,मंगलवार 7 मई 2024

मां मनुष्य के होंठों पर सबसे सुंदर शब्द है। -खलील जिब्रान



अनुभूति

# जीवन की डगर पर मां की सीखें

बच्चों की प्रथम पाठशाला परिवार को माना जाता है। इस पाठशाला की प्रथम अध्यापिका मां होती है, जिसकी देख-रेख में बच्चे जीवन की वो सीखें लेते हैं, जो जीवन को सही ढंग से जीने के लिए जरूरी हैं। यहां अपने-अपने क्षेत्र की तीन हस्तियां सहेली को बता रही हैं, इन्होंने अपनी मां से कौन-सी ऐसी बातें सीखीं, जो जीवन के लिए जरूरी सबक हैं।



## काम के साथ घर का ख्याल रखना मां से सीखा

**अपरा मेहता, अभिनेत्री**



**मेरी मां** मंदाकिनी मेहता सुशिक्षित और आधुनिक विचारों वाली महिला थीं। मैं उनकी इकलौती संतान हूं, फिर भी उन्होंने मुझे बहुत ही अनुशासन में रखा। अधिक लाड़-प्यार देकर उन्होंने मुझे बिगड़ने नहीं दिया। मेरी मां पढ़ाई के साथ स्कूल की हर एक्टिविटी में हमेशा मुझे सबसे आगे रखती थीं। मां खुद भी थिएटर ऑर्टिस्ट थीं, लेकिन शादी के बाद जब मेरी बेटी का जन्म हुआ तो उसकी देखभाल के लिए उन्होंने अपना काम छोड़ दिया, क्योंकि अभिनय के क्षेत्र में वह मुझे आगे बढ़ते देखना चाहती थीं। मेरे करियर के लिए उन्होंने अपना करियर दांव पर लगा दिया। बचपन में जब मां मेरे साथ सख्ती भरा व्यवहार करती थीं, मुझे बहुत बुरा लगता था, लेकिन अब समझ में आता है कि आज मैं जो कुछ भी हूं, वह उनके कारण ही हूं। बचपन में मैं क्लास में हमेशा फर्स्ट आती थी, वह मेरी तारीफ नहीं करती थीं। उनका कहना था कि अपने बच्चे की प्रशंसा तो सभी करते हैं, असली उपलब्धि तो तब है, जब दूसरे लोग हमारे बच्चे की तारीफ करें। मेरी मां ने मेरी परवरिश इस तरह से की कि मैं एक नेक इंसान बनूं। जब मेरे पिता जी का निधन हो गया तो उसके बाद मैंने उन्हें हमेशा के लिए अपने पास बुला लिया ताकि मैं उनकी अच्छी तरह देखभाल कर सकूं। मेरी बेटी खुशाली को भी उन्होंने बहुत अच्छे संस्कार दिए हैं। मेरी मां बहुत अच्छी होममेकर थीं, घर को बहुत सजा-संवार कर रखती थीं। काम के साथ घर का ख्याल रखना मैंने उनसे ही सीखा है। मुझे याद है, जब भी मैं अनावश्यक शॉपिंग करती तो वो मुझे बहुत डांटती थीं। मुझे हमेशा सोच-समझकर खर्च करने के लिए प्रेरित करती थीं। दो साल पहले 91 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। मदर्स-डे के अवसर पर मैं उन्हें याद करते हुए यही कहना चाहूंगी कि अपनी बेटी के लिए मैं भी वैसी ही मां बनने की कोशिश कर रही हूं, जैसी वह एक आदर्श मां थीं।

बच्चों के लिए मां सिर्फ एक शब्द नहीं, उनका अनोखा-प्यारा संसार है। मां की अंगुली पकड़कर बच्चे चलना-बोलना और जीवन जीने की कला सीखते हैं। मां अनुभूतियों का ऐसा समंदर है, जिसकी गहराई में बच्चे मानवीय मूल्यों से जुड़ते हैं, रिश्ते निभाना सीखते हैं। मां का ममत्व वो शीतल छांव है, जिसके तले आकर बच्चे तपते सूरज की तपिश भूल जाते हैं। मां के बिना जीवन अधूरा है। मां है तो जीवन रोशन है। मां की महिमा अपरंपार है।

# मां अनुभूतियों में रचा-बसा रिश्ता

आवरण कथा / डॉ. मोनिका शर्मा

हर बच्चे के लिए स्नेह और सुकून की प्यारी छांव-सी होती है- मां। बच्चे के दुनिया में आने से पहले उसका मां से जुड़ जाने वाला रिश्ता सचमुच अनमोल होता है। मानवीय जीवन को पालने-पोसने की इस यात्रा में एक मां अपने बच्चे के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर देती है। यह रिश्ता मन की अनुभूतियों की बुनियाद पर टिका होता है। जीवन के हर पड़ाव पर मां का भरोसा बच्चों को थामे रखता है। जीवन मूल्यों को सीखने-सिखाने का यह सफर मन के बंधन का सबसे सुंदर रिश्ता है। दायित्व निर्वहन से जुड़ी मेहनत हो या भावनाओं को समझने का मामला, मां स्वयं एक उदाहरण बनकर बच्चों को जीवन के हर पहलू से जुड़ी सीख देती है।

### ममत्व के साथ जीवन की सीखें

मां के मन में रचा-बसा ममता का भाव, बच्चों का जीवन संवारता है। हर पीढ़ी के लिए ही मां से मिलने वाली शिक्षा का कोई दूसरा पर्याय नहीं है। ममत्व की नमी के साथ अनुभवों को वास्तविकता का रंग देकर मां अपने बच्चों को भविष्य में हर परिस्थिति से जूझने के लिए तैयार करती है। मातृत्व का भाव ही ऐसा है कि बच्चों की कमजोरियों को दुनिया से छुपाने वाली मां स्वयं बिन बताए उनकी हर कमजोरी को समझ जाती है। इसी समझ के बल पर बच्चों को भी स्नेह भरी समझाइश के साथ उनकी हर कमी से उनको बाहर निकाल लाती है। बच्चों के मन को जीवन के हर पड़ाव पर मजबूती देने का काम मां से बेहतर कोई नहीं कर सकता। मां ही बच्चों को अपने परिवार, परिवेश से जुड़ना सिखाती है। कामयाबी की राह पर बढ़ने का बल देती है। मां, तकलीफों से जूझना भी सिखाती है और सुकूनदायी लम्हो को जी भरकर जीना भी। परेशानियों के दौर में संभलने और आनंद के समय मुस्कुराने का पाठ तो मां बच्चे को दुनिया में आने से पहले ही सिखाने लगती है। मातृत्व की जिम्मेदारी से जुड़ा ममत्व का भाव बच्चों को मानवीय पीड़ा समझने का भी पाठ पढ़ाता है। तभी तो हर पीढ़ी के लिए ही मां से मिली हर सीख आज भी समाज और परिवार को बांधने-साधने का माध्यम बनी हुई है।



### नेह की नमी का पोषण

मां के नेह की नमी बच्चों के जीवन की जड़ों को सींचती है। बात केवल शारीरिक-मानसिक देखभाल की नहीं, मां का साथ मनोभावों के मोर्चे पर भी बालमन को थामने का काम करता है। उम्र भर मां का यही स्नेह जीवन की जद्दोजहद में आत्मबल जुटा लेने का हौसला देता है। उलझे हालातों की कड़ी धूप में मां के स्नेह का भाव शीतल छाया के समान लगता है। जीवन के कठिन से कठिन दौर में भी अपने बच्चों का साथ ना छोड़ने वाली मां का मन बदलते समय के साथ भी नहीं बदला है। तकनीक की दस्तक और काम-काजी भाग-दौड़ के बावजूद बच्चों पर स्नेह लुटाने की उसकी सोच आज भी कायम है। हमारे सामाजिक परिवेश में तो अपने हर सपने को छोड़ बच्चों का जीवन संवारने के लिए जिंदगी दांव पर लगा देने वाली मांएं भी कम नहीं हैं। उम्र के आखिरी पड़ाव तक भी मां का मन खुद माता-पिता बन चुके अपने बच्चों के लिए चिंतित रहता है। उसके प्यारे रिश्ते के नेह की नमी कभी नहीं सूखती।

### अनुभूतियों का पुल

मां और बच्चों को अनुभूतियों का एक साझा पुल जोड़कर रखता है। तभी तो मां बच्चों की चुप्पी को ही नहीं, आक्रोश को भी समझ जाती है। प्रेम-स्नेह को ही नहीं, शिकायतों को भी मन से स्वीकारती है। मार्क ट्वेन ने कहा है, 'मां के बिना जीवन अधूरा होता है।' सच ही है, क्योंकि बच्चों की खुशी और पीड़ा दोनों में साथ देने वाली मां ही होती है। कही-अनकही हर बात को समझने वाला दिल बस मां के पास ही होता है। बच्चों की खुशी में भी मां की आंखों से आंसू बह निकलते हैं। उपलब्धियों और सफलता के दौर में भी सधकर चलने और शीर्ष पर बने रहने का आशीष मां का मन ही दे सकता है। बिना किसी शर्त के समर्पण और स्नेह भरी अनुभूतियों को लिए मातृत्व का संसार पीढ़ी-दर-पीढ़ी इस जुड़ाव को सींचता आ रहा है। आज भी पीड़ा में सबसे पहले मुंह से मां शब्द ही निकलता है। भय से जूझते हुए मां के प्यारे स्पर्श और कड़कती धूप में सिर पर डाल देने वाले आंचल की ही याद आती है। सफलता हो या अफसलता, हर पड़ाव पर छोटी-छोटी सीख देकर जीवन को दिशा देने वाली मां का ख्याल आ ही जाता है। कितनी ही भूमिकाएं निभाती मां हर पल मन-जीवन में अपनी मौजूदगी बनाए रखती है। इसीलिए कहा भी गया है कि मां, वह है, जो अन्य सभी की जगह ले सकती है, लेकिन एक मां की जगह कोई और नहीं ले सकता।

## मां से मिली सेवा भावना

**ममता कालिया, साहित्यकार**



**अपनी मां** से मेरा रिश्ता पारंपरिक ढर्रे से कुछ अलग हटकर था। इसकी एक बड़ी वजह यह भी थी कि उनका विवाह कम उम्र में ही हो गया था। उनकी शादी के बाद जल्द ही हम दोनों बहनों का जन्म हुआ। दो बेटियों के जन्म के बाद रिश्तेदार उन्हें देखकर उनके प्रति सहानुभूति प्रदर्शित करने लगे कि इस बेचारी की दो बेटियां हैं, इन बातों से मेरी मां अकसर उदास रहती थीं। मेरी बड़ी बहन बहुत सुंदर थी, जबकि मेरी शक्ल, सूरत बेहद मामूली थी। शायद इसी वजह से मां मेरे प्रति थोड़ी अनमनी-सी रहती थीं। इसके अलावा मेरी रुचि पढ़ने-लिखने में ज्यादा थी, घर के काम-काज में मैं उनका जरा भी हाथ नहीं बंटाती थी। इस मामले में पिताजी भी मेरा साथ देते थे। इसी वजह से बचपन में मां के साथ मेरे रिश्ते में प्रगाढ़ आत्मीयता नहीं थी, लेकिन जब मेरी बहन ने अपनी मर्जी से प्रेम विवाह कर लिया, उसके बाद मां बहुत बीमार रहने लगीं। तब उनके साथ वक्त बिताने की वजह से उनसे मेरा भावनात्मक बंधन मजबूत हुआ। पिताजी आकाशवाणी में निदेशक थे, घर में भौतिक सुख-सुविधाओं की कमी नहीं थी, लेकिन घर में मां को पिता के साथ बराबरी का जीवन जीने का अवसर नहीं मिला, इससे उनका व्यक्तित्व थोड़ा दब-सा गया था। लेकिन उनमें सेवा की भावना बहुत ज्यादा थी, दूसरों की मदद करना मैंने उनसे ही सीखा है। आज भले ही वह हमारे बीच नहीं हैं, पर मदर्स-डे के अवसर पर मैं उनसे यही कहना चाहूंगी कि मां आज मुझे देखकर तुम बहुत खुश होती, अब मैं तुम्हारी आज्ञाकारी बेटी बन गई हूं। तुम्हारी ही तरह मैं भी अपना घर सुव्यवस्थित रखती हूं।

## मां ने बचपन से ही मुझे आत्मनिर्भर बनाया

**इरा टाक, लेखिका-फिल्म निर्मात्री**



**मेरी मां** कॉलेज में प्राध्यापिका थीं। वह बहुत ज्यादा पढ़ती थीं, भाषा के प्रति वह बहुत सचेत रहती थीं। पढ़ने-लिखने और भाषा के प्रति अच्छी समझ रखने का संस्कार मुझे अपनी मां से ही मिला है। मेरे पिताजी की पोस्टिंग दूसरे शहर में थी, वह ज्यादातर वहीं रहते थे। ऐसे में मां ही अकेले पूरे घर को बहुत अच्छी तरह संभालती थीं। उन्होंने बचपन से ही मुझे आत्मनिर्भर बनाया। दस-बारह साल की उम्र में उन्होंने मुझे खाना बनाना सीखा दिया था। मैंने अपने कपड़े धोने सीखे, प्रेस करना सीखा। दूसरे भी वो काम करने लगी थी, जो बड़े करते हैं। बचपन में मैं अपनी पॉकेटमनी से पैसे बचाकर हर साल मदर्स-डे के अवसर पर उनके लिए गिफ्ट खरीद कर जरूर लाती थी। मुझे याद है, रात को सोने से पहले वह अकसर मुझे कहानियां सुनाती थीं। इन कहानियों जो सीख मिलती थी, उसको भी वह बताती थीं। मां की सुनाई कहानियों से मैंने जीवन के कई सबक सीखे। अच्छे-बुरे के बारे में जाना। किताबें पढ़ने की अच्छी आदत मुझे उनसे ही मिली है। ये किताबें ही होती हैं, जो हमारा मार्गदर्शन करती हैं, हमें मोटिवेट करती हैं। अपनी मां से मैंने जीवन में अनुशासन का सबक सीखा है। उन्हीं की वजह से ही मैं आज भी अनुशासित दिनचर्या अपनाती हूं। 2015 में मेरी मां का स्वर्गवास हो गया। आज जब भी मेरी कोई नई किताब आती है या मुझे कोई पुरस्कार मिलता है तो मुझे मां की बहुत याद आती है। मदर्स-डे के अवसर पर मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहती हूं कि उन्हीं के बताए रास्ते पर चलने के कारण आज मैं जीवन में कामयाब हूं, खुश हूं। मैं सहेली की पाठिकाओं से यही कहूंगी, अपनी मां की सीखों को हमेशा अपने दिमाग में रखें, क्योंकि उन सीखों में जीवन को सही ढंग से जीने की कला छुपी होती है। ये सीखें आगे बढ़ने की राह बनाएंगी, जीवन को सुखी रखेंगी।

प्रस्तुति : विनीता

सलाह / मनीषा

# हर दिन हो मां के लिए खास...

हम साल में सिर्फ एक दिन मदर्स-डे मनाकर अपनी मां के प्रति प्रेम-स्नेह और कृतज्ञता के भाव प्रकट करके इतिश्री मान लेते हैं, जबकि हमारी मांएं हमारे लिए जितना कुछ करती हैं, उनके लिए यह एक दिन का शुक्राना बहुत कम है। सच तो यह है, हमें लगता है कि घर के काम करना, हमारा खयाल रखना तो मां की आदत है। जबकि हमें भी उनकी जरूरतों और भावनाओं का खयाल रखना चाहिए। इसके लिए हमें कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

**घरेलू कार्यों में सहयोग दें :** हमारी मांएं सुबह से लेकर शाम तक घर के कामों में लगी रहती हैं, उन्हें आराम करने का समय नहीं मिलता, जबकि उनके स्वास्थ्य के लिए आराम जरूरी है। वह आराम तभी कर आएंगी जब उनके काम का बोझ कम होगा। उनका यह बोझ तभी कम होगा, जब हम घर के कामों में उनका हाथ बंटाएंगे। हम रोजमर्रा के घरेलू कार्यों जैसे किचेन में सब्जी काटकर, रोटियां बेलकर, डाइनिंग टेबल पर खाना सर्व करके घर की सफाई में मदद करके उनके कामों को हल्का कर सकते हैं। हमारी इस मदद से उन्हें आराम मिलेगा।



**मां के लिए समय निकालें:** चाहे आप कितनी ही व्यस्त क्यों ना रहती हों, आप रोजाना अपनी मां से बातें करने के लिए समय जरूर निकालें। इस दौरान उनकी सुनें, उनका हाल जानें। अगर सेहत से संबंधी कोई परेशानी हो तो उन्हें डॉक्टर के पास लेकर जाएं। इससे उन्हें लगेगा उनका कोई ख्याल रखने वाला है।

**शौक पूरा करने के लिए प्रेरित करें:** हमारी परवरिश और घर-गृहस्थी की जिम्मेदारियां निभाने के चक्कर में हमारी मांओं के पास अपने लिए कोई समय नहीं बचता, इस कारण उनके कुछ शौक, ख्वाहिशें पूरी नहीं हो पातीं। लेकिन अब आप उनकी हॉबीज जानें। इसे पूरा करने के लिए उन्हें प्रेरित करें। इस तरह जब आप अपनी मां का खयाल रखेंगी तो हर दिन मां के लिए खास होगा।

डाइट सजेशन

**डॉ. शालिनी सिंघल, डाइटिशियन, दिल्ली**

आप जरूर चाहेंगी कि आपकी मां हमेशा हेल्दी-एनर्जेटिक रहें, ओल्ड एज में होने वाली हेल्थ प्रॉब्लम्स से बची रहें। इसके लिए आपको उनके हेल्थ की प्रॉपर केयर के साथ ही उनकी डाइट का भी ध्यान रखना होगा।

# तब आपकी मां रहेंगी हेल्दी-एनर्जेटिक

पचास की उम्र के बाद होने वाले शारीरिक-मानसिक बदलावों का असर सभी महिलाओं पर पड़ता है। इस एज में वे मेनोपॉज की स्थिति से गुजर रही होती हैं या गुजर चुकी होती हैं। इस उम्र में शरीर का मेटाबॉलिक रेट कम होने से इम्यून सिस्टम कमजोर, बोन डेंसिटी कम और मसल्स लॉस होने लगते हैं। इन वजहों से वे ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, ऑस्टियोपोरोसिस, इनसोम्निया, एंग्जाइटी, डिप्रेशन जैसी कई बीमारियों की गिरफ्त में आ सकती हैं। ऐसा आपकी मां के साथ ना हो, इसके लिए जरूरी है कि आप अपनी मां का पूरा खयाल रखें।

**न्यूट्रिशस डाइट है जरूरी:** अपनी मां को ऐसी डाइट दें, जिनमें सभी मैक्रोन्यूट्रिएंट्स (कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, फैट) और माइक्रोन्यूट्रिएंट्स (विटामिन और मिनरल्स) शामिल हों। इसके लिए उनके हर मील में सभी फूड ग्रुप्स होने चाहिए। कहने का मतलब है कि उनकी डेली डाइट में एनर्जी देने वाले (कार्बोहाइड्रेट), बोंस को स्ट्रॉन्ग बनाने वाले (प्रोटीन, कैल्शियम) और प्रोटेक्टिव (विटामिंस, मिनरल्स) फूड्स जरूर शामिल करने चाहिए।

**इम्यूनिटी बूस्टर फूड्स:** ओल्ड एज में इम्यून सिस्टम कमजोर होने से न्यूट्रिशन संबंधी जरूरतें बदल जाती हैं। इसलिए मां की डाइट में फाइटोन्यूट्रिएंट्स और एंटीऑक्सीडेंट्स को शमिल करके उनको हेल्दी बनाए रख सकते हैं। इसके लिए आपको हल्दी, जीरा, तुलसी के पत्ते, दालचीनी, अदरक, लहसुन जैसे इम्यूनिटी बूस्टिंग फूड्स किसी न किसी रूप में अपनी मां को जरूर देना चाहिए।

**फाइबर रिच आइटम्स:** बढ़ती उम्र के साथ महिलाओं का डाइजेस्टिव सिस्टम थोड़ा कमजोर हो जाता है। ऐसे में उन्हें फाइबर रिच फूड्स जैसे- चोकरयुक्त आटा, साबुत दालें, साबुत अनाज देने से उनको डाइजेशन संबंधी परेशानियां नहीं होंगी।



**ग्रीन वेजिटेबल्स:** हरी सब्जियां (खासकर पत्तेदार सब्जियां) कैलोरी में कम लेकिन विटामिन बी, ए, के, कैल्शियम और आयरन से भरपूर होती हैं। ये हड्डियों को मजबूती देने के साथ ओवरऑल हेल्थ बनाए रखने में भी मदद करती हैं। इसलिए आप अपनी मां को डेली कम से कम दो छोटी कटोरी सब्जियां जरूर खिलाएं। सलाद खाना सेहतमंद होता है। लेकिन अगर आपकी मां के दांत कमजोर हो रहे हैं, तो उन्हें कच्ची सब्जियां या सलाद कद्दूकस करके या बारीक कटी ही खाने के लिए दें ताकि उन्हें चबाने में या पाचन संबंधी दिक्कत न हो।

**प्रोटीन रिच फूड्स:** ओल्ड एज में होने वाले मसल्स लॉस से बचाने के लिए अपनी मां की डाइट में प्रोटीन रिच फूड्स जैसे- दालें, सोयाबीन, मूंगफली, अंडे, लो-फैट गाय का दूध और डेयरी प्रोडक्ट्स आदि ज्यादा से ज्यादा शामिल करना चाहिए।

**कैल्शियम-विटामिन डी:** बोन डेंसिटी कम होने या ऑस्टियोपोरोसिस से बचाने के लिए मां की डाइट में कैल्शियम और विटामिन डी भी पर्याप्त मात्रा में होने चाहिए। कैल्शियम के लिए लो फैट दूध और दूध से बने पदार्थ, सोयाबीन और उससे बने पदार्थ, हरी पत्तेदार सब्जियां, सफेद तिल, सीड्स, रागी का आटा जैसे फोर्टिफाइड अनाज ले सकती हैं। विटामिन डी के लिए मशरूम, साल्मन मछली, अंडे, कॉडलिवर ऑयल लेना जरूरी है।

**हेल्दी फैट:** मां की डेली डाइट में हेल्दी फैट भी होना चाहिए। इसके लिए उन्हें सीमित मात्रा में देसी घी दे सकती हैं। इसके अलावा फूड के रूप में 3 टीस्पून या 15 मिली. हेल्दी ऑयल भी दे सकती हैं। इसके उनके बोंस स्ट्रॉन्ग रहेंगे और ज्वाइंट्स में ग्रीस भी बनी रहेगी।

**पानी-लिक्विड डाइट:** ओल्ड एज में स्किन प्रॉब्लम्स और डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए मां को रोजाना पर्याप्त मात्रा में यानी 8 से 10 गिलास पानी पीने के लिए कहना चाहिए। आप चाहें तो उनको नीबू-पानी, नारियल पानी, लस्सी, मट्ठा, वेजिटेबल सूप, फ्रूट जूस जैसे लिक्विड डाइट भी दे सकती हैं।

**नमक-चीनी की मात्रा:** मां की डाइट में नमक और चीनी संतुलित मात्रा में होने चाहिए। खाने में चीनी या नमक ऊपर से डालकर नहीं खाने देना चाहिए। ज्यादा नमक से ब्लड प्रेशर, हार्ट अटैक, स्ट्रोक और ज्यादा चीनी से मोटापा, डायबिटीज होने का रिस्क बढ़ता है। डब्ल्यूएचओ भी एक वयस्क व्यक्ति को रोजाना 5 ग्राम से कम आयोडाइज्ड नमक और 15-20 ग्राम तक चीनी लेने की सलाह देता है।

प्रस्तुति:रजनी अरोड़ा

बात अपनी

**यासमीन सिद्दीकी**

मां को हर वक्त अपने घर-परिवार और बच्चों की इतनी ज्यादा चिंता रहती है कि उसे अपने लिए कुछ सोचने, कुछ करने की सुधि ही नहीं रहती। यह तो अपने आपको खत्म करना है। क्या मां की खुशी कोई मायने नहीं रखती, उसका कोई वजूद नहीं है...? मां के लिए एक कोशिश।

# मां तुम्हारी भी हैं कुछ खुशियां तुम्हारा भी है एक वजूद...

बचपन से मैं तुम्हें देख रही हूं मां, तुम ना कभी थकती हो, ना रुकती हो। तुम रोज सबसे बाद में सोती हो और सबसे पहले उठ जाती हो। थकान और ना जैसे शब्द तुम्हारी शब्दावली में नहीं हैं। इस मदर्स-डे पर मां मैं तुमसे अपने मन की बातें कहना चाहूंगी। सदियों से समाज तुम्हें मां बनाकर महानता का दर्जा देता आया है। सुनो मेरी मां, अब इस महानता का चोला उतारकर, अपनी ख्वाहिशों की ओढ़नी ओढ़ लो। मत कसो अपने आपको समाज की कसौटी पर।

**मां होने का अर्थ:** मां आपसे अपनी बातें कहने से पहले मैं अपने जैसे लोगों से कुछ कहना चाहूंगी। मां शब्द जब भी हमारे जेहन में आता है। हम एक ऐसी महिला की कल्पना करते हैं, जो अपने बच्चों को मुसीबत से बचाने के लिए कभी शेरनी बन जाती है तो कभी अपने अस्वस्थ बच्चों के लिए हकीम बन जाती है। अकसर अपने बच्चों में अपनी दुनिया को देखने वाली हमारी मांओं की अपनी दुनिया कहीं खो जाती है। लेकिन अगर हम कोशिश करें तो अपनी मां को वो सहज जिंदगी दे सकते हैं, जिसकी वो अधिकारी है। तो चलिए इस मदर्स-डे पर हम अपनी मां से कहें -

**बोलो कि थक गई हो:** हम बहुत आसानी से कह देते हैं कि मां को मैंने कभी थकते हुए नहीं देखा। मेरी मां बिना रुके काम करती है। अगर मैं उससे आधी रात में कुछ बनाकर खाने को देने के लिए कहूंगी तो बनाएगी। लेकिन मां तुम स्वयं को अभिव्यक्त करना सीख लो। थकने का अधिकार तुमको भी उतना है, जितना हमें है। बस हम कह देते हैं और तुम नहीं कह पाती, अपने दर्द को सहती हो। मां अब मत सहो, हम तुम्हारे बच्चे हैं, हमसे काम करवाओ। हम नहीं करें तो हमें डांटो, लेकिन हर काम की जिम्मेदारी लेकर खुद को और मत थकाओ मां।



**ना कहना सीखो:** मां तुम जानती हो कि तुम्हें हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत क्यों हो गई? ऐसा इसलिए क्योंकि तुम किसी काम के लिए ना ही नहीं कह पाती। तुमको बुरा भी लगता है, तकलीफ भी होती है, लेकिन तुम सहती हो। बेटी हूं आपकी, सब समझती हूं। बहुत जरूरी है, ना कहना भी सीखो, मां।

**पापा की साथी भी हो:** हां जब हम छोटे थे, तब स्वाभाविक था कि हम पर तुम्हें ज्यादा ध्यान देना होता था, लेकिन अब हम बड़े हो चुके हैं मां। इस घर में एक और रिश्ता है, आपका और पापा का। आप दोनों एक-दूसरे को समय दें। हम भी तो अपने दोस्तों के साथ अकेले घूमने जाते हैं तो आप दोनों भी कभी डिनर डेट पर जाओ। क्यों हमेशा हमारे साथ ही आउटिंग पर निकलती हो। सच कहें कि आप और पापा एक-दूसरे को समय देंगे तो हमें भी खुशी होगी।

**मां तुम्हारी सहेलियां कहां हैं:** मां अकसर आप अपनी सहेलियों का जिक्र करती हैं। लेकिन कभी उन दोस्तों के साथ मिलने का प्लान भी बनाइए। हां, अब आप कहेंगी कि नाते-रिश्तेदार निपट जाएं, वही बहुत है। लेकिन मां जिस तरह से आप इतने बड़े परिवार को संभालती आई हैं, कोशिश करेंगी तो आप अपनी पुरानी जिंदगी को फिर से सजा लेंगी।

**एक दिन आपकी पसंद का:** मां घर में खाना बनता ही वो है, जो हमें पसंद है। लेकिन जब भी आपसे पूछो कि मां आपको क्या पसंद है तो जवाब मिलता है 'अरे मेरा क्या है? मैं तो सभी कुछ खा लूंगी।' नहीं मां, एक दिन अपनी पसंद का खाना हमसे बनाने को कहो, हम बड़े प्यार से बनाएंगे। हमें भी पता चले कि हमारी मां की पसंद-नापसंद क्या है?

**मुश्किल नहीं है बदलाव:** आपको लग रहा होगा कि यह सब किताबी बातें हैं। ऐसा हो नहीं सकता, लेकिन मां सच है कि समाज में इस बदलाव को लाना इतना मुश्किल भी नहीं है। बदलाव धीरे ही सही, लेकिन आते जरूर हैं। हैप्पी मदर्स-डे मां!

## खबर संक्षेप

### संत निरंकारी भवन में रक्तदान शिविर 11 को

**रेवाड़ी।** संत निरंकारी मिशन की ओर से 11 मई को संत निरंकारी सत्संग भवन धारूहेड़ा चुंगी में सुबह 9 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। संयोजक हरीश कुमार ने बताया कि संत निरंकारी मिशन के चौथे सतगुरु बाबा हरदेव सिंह महाराज ने 1986 में रक्तदान शुरू किया था, तभी से हर साल निरंकारी मिशन इस मानवता के परोपकार में अपना योगदान देता आ रहा है।

### बौचड़िया में लगेगा बाबा बुधनाथ का वार्षिक भंडारा

**मंडी अटेली।** क्षेत्र के गांव बौचड़िया में बाबा बुधनाथ जी का वार्षिक भंडारा आठ मई बुधवार को लगाया जाएगा। कमेटी सदस्य अमीलाल व राजवीर ने बताया कि देसी घी का भंडारा प्रात 10 बजे से शुरू हो जाएगा। भंडारे में बाबा के भजनों का गुणगान कर्मपाल शर्मा एवं मंजू शर्मा अपने सुंदर गीतों के साथ करेंगे। बाबा के स्थान पर श्रद्धालु अपनी मनोकामना के लिए मंदिर में पूर्जा अर्चना करेंगे।

### नजूल भूमि चकोता पर छोड़ने का काम 31 को

**महेंद्रगढ़।** गांव ढाढोत की नजूल भूमि को वर्ष 2024-25 के लिए चकोता पर छोड़ने का कार्य 31 मई को किया जाएगा। तहसीलदार मदनलाल शर्मा ने बताया कि गांव ढाढोत की नजूल भूमि तादादी 13 कनाल तीन मरला को 31 मई को चकोता पर वर्ष 2024-25 के लिए बोली पर उठाई जानी है तथा गत वर्ष की भांति बोली की रिजर्व कीमत निर्धारित करके बोली लगाई जाएगी। इस कार्य को संपन्न करने के लिए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सतनाली की ड्यूटी लगाई गई है।

### 18 वर्षीय युवक अचानक लापता, केस दर्ज

**महेंद्रगढ़।** गांव खैरोली निवासी 18 वर्षीय युवक घर से अचानक लापता हो गया है। युवक के दादा ने थाने में शिकायत देकर उसकी तलाश करने की मांग की है। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्जकर जांच में जुटी हुई है। हजारीलाल ने पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह गांव खैरोली का निवासी है। बीती चार मई को दिन के 12.30 बजे उसका 18 वर्षीय पोता भूपेंद्र सिंह बिना बताए घर से चला गया। उन्होंने आसपास के गांवों व रिश्तेदारी में तलाश किया, लेकिन आज तक घर पर वापिस नहीं आया।

## पीठासीन व सहायक पीठासीन अधिकारियों का द्वितीय रेंडमाइजेशन आज

# चुनाव में अधिकारी व कर्मचारी धैर्य व संयम के साथ करें ड्यूटी

लोकसभा चुनाव को लेकर उपायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने ली अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



रेवाड़ी। लोकसभा चुनाव को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते डीसी राहुल हुड्डा। फोटो : हरिभूमि

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने कहा कि चुनाव कार्य बहुत ही महत्वपूर्ण व संवेदनशील कार्य है। ऐसे में ड्यूटी पर लगाए गए सभी अधिकारी व कर्मचारी धैर्य व संयम के साथ पूरी गंभीरता के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि सभी चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी टाइमलाइन प्रक्रिया का पूरा ध्यान रखें। उन्होंने बताया कि लोकसभा आम चुनाव के तहत पीठासीन तथा सहायक पीठासीन अधिकारियों की द्वितीय रेंडमाइजेशन प्रक्रिया 7 मई को होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा सोमवार को लोकसभा आम चुनाव से संबंधित अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। डीसी ने कहा कि सभी विभागाध्यक्ष चुनाव प्रक्रिया में कार्यरत संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को 10 मई तक ड्यूटी ऑर्डर वितरित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने ईडीसी व बैलेट पेपर के बारे में भी आवश्यक जानकारी देते हुए कहा कि 12 मई तक संबंधित एआरओ को फॉर्म जमा कराना है।

उन्होंने कहा कि चुनाव से संबंधित समस्त कार्यों को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में जिले के सभी विभागाध्यक्ष अपना दायित्व प्रभावी रूप से निभाएं। उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण के तहत मास्टर ट्रेनर की ओर से ईवीएम, वीवीपैट के कनेक्शन व संचालन के अलावा मतदान से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारी भी दी जाएगी।

### सभी कर्मचारियों को मतदान का अधिकार

डीसी ने कहा कि मतदान करना सबका अधिकार है, चुनाव कार्यों में लगे पदाधिकारियों, कर्मियों और पत्रकारों को अपने अधिकार से वंचित न होना पड़े, इसके लिए चुनाव आयोग की ओर से मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन से संबंधित सामग्री वितरण एवं वापसी लेना भी एक जिम्मेदारी वाला कार्य है, जिसका सभी को सावधानी पूर्वक निर्वहन करना है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में भागीदारी निभा रहे सभी कर्मियों को मतदान का अधिकार है, ऐसे में ईडीसी व पोस्टल बैलेट पेपर के माध्यम से उक्त कर्मचारी मतदान प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। बैठक में एडीसी एवं स्वीप नोडल अधिकारी अनुपमा अंजलि, एसडीएम एवं एआरओ विकास यादव, एसडीएम एवं एआरओ बावल मनोज कुमार व सीटीएम लोकेश कुमार सहित अन्य विभागाध्यक्ष मौजूद थे।

### डा. दिलराज कौर गुरुग्राम लोस की जनरल ऑब्जर्वर नियुक्त

भारतीय निर्वाचन आयोग ने वर्ष 2000 बैच की आईएएस अधिकारी डा. दिलराज कौर को गुरुग्रामा संसदीय क्षेत्र के लिए सामान्य पर्यवेक्षक यानि जनरल ऑब्जर्वर नियुक्त किया है। डा. दिलराज कौर से गुरुग्राम के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के कमरा नंबर 102 में प्रतिदिन दोपहर 1:30 से 2:30 बजे तक चुनाव संबंधी कार्यों को लेकर मिलने का समय निर्धारित किया गया है। डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि सामान्य पर्यवेक्षक से राजनीतिक दल के प्रतिनिधि, उम्मीदवार या आमजन चुनाव संबंधी मामलों को लेकर निर्धारित समय पर मिल सकते हैं। इसके अलावा सामान्य पर्यवेक्षक डा. दिलराज कौर के मोबाइल नंबर 7303037215 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

# बारहवीं पास छात्राओं के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



रेवाड़ी। हरियाणा विद्यालय बोर्ड चेयरमैन से मिलते डा. दलबीर सिंह।

कालाका रोड़ स्थित आरडीएस पब्लिक गर्ल्स कॉलेज व पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर बारहवीं पास छात्राओं के लिए आगामी 16 मई को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। गर्ल्स स्कूल में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए आरडीएस कॉलेज के प्राचार्य डा. दलबीर सिंह यादव व गर्ल्स स्कूल के प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह यादव की दूरदर्शी पहल में रूपरेखा तैयार की जा रही है। कार्यक्रम में मुख्यातिथि डा. वी पी यादव चेयरमैन हरियाणा स्कूल एजुकेशन बोर्ड रहेंगे। प्राचार्य डा. दलबीर सिंह ने चेयरमैन से भेंटकर उन्हें कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया व हरियाणा शिक्षा बोर्ड के परिणाम अतिशीघ्र घोषित करने के लिए बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं पर भी विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष नई शिक्षा नीति के अंतर्गत 12वीं में कम्पार्टमेंट प्राप्त छात्रों को भी कॉलेज में प्रवेश का अवसर प्रदान किया जाएगा, इससे छात्रों का एक वर्ष खराब होने से बचेगा। कार्यक्रम में गर्ल्स कॉलेज के अनुभवी स्टाफ के अलावा आईजीयू से प्रोफेसर तेज सिंह डीन ऑफ कॉलेजस, डीईओ महेन्द्र सिंह खनगवाल, जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर व अन्य प्रबुद्ध शिक्षाविद शिरकत करेंगे।

### दो किसानों के खेतों से केबल चोरी

महेंद्रगढ़। गांव डेरोली अहीर में दो किसानों के कुएं से चोर केबल चोरी करके ले गए हैं। पीड़ित किसान ने सदर पुलिस थाने में शिकायत देकर केबल बरामद करने की मांग की हैं। पुलिस ने किसान की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। सुरेश कुमार ने बताया कि बीते दिनों रात्रि को कुएं से अज्ञात चोर केबल तीन कोर कोपर 50 एमएम चोरी हो गई। इसके अलावा पड़ोसी नरेंद्र के खेत से 400 फीट केबल व कोपर तीन कोर चोरी हो गई। उन्होंने अपने स्तर पर चोरों को तलाशने का प्रयास किया, परंतु सफलता नहीं मिली।

# ग्रामीणों को मतदान का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



रेवाड़ी। लोगों को मतदान के लिए जागरूक करती टीम। फोटो : हरिभूमि

जिला प्रशासन की ओर से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिले में लगातार स्वीप गतिविधियां आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की प्रचार टीम वोट डालने जरूर जाएं का संदेश लेकर ग्रामीणों के बीच पहुंच रही है तथा लोक गीतों, भजनों के माध्यम से मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में वोट डालने के लिए प्रेरित कर रही है।

सोमवार को विभाग की प्रचार टीम ने गांव आरामनगर व बेरवाल में पहुंचकर ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया और बढ़चढकर मतदान करने का संकल्प भी दिलाया। स्वीप गतिविधियों की नोडल अधिकारी एडीसी अनुपमा अंजलि गतिविधियों के आयोजन की मॉनिटरिंग कर रही हैं। जिले के प्रत्येक मतदाता को प्रेरित व जागरूक करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए एक-एक मतदाता तक पहुंच कर उनके वोट की महता और लोकतंत्र के महापर्व के बारे में जानकारी दी जा रही है ताकि चुनाव पर्व देश का गर्व थीम को सही मायनों में चरितार्थ किया जा सके।

# जिले में चल रहा सघन चेकिंग अभियान

- संदिग्ध वाहनों पर रखी जा रही पैनी नजर, बार्डर पर एफएसटी व एसएसटी टीम की मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



रेवाड़ी। कार की डिग्गी चेक करते हुए पुलिस। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। वाहनों की जांच करते हुए पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

जिले में लोकसभा आम चुनाव को लेकर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से सख्ती की जा रही है। चुनाव के दौरान अवैध शराब की सप्लाई व धनबल के प्रयोग सहित अन्य अवांछनीय गतिविधियों पर नजर रखते हुए जिले के बॉर्डर पर एफएसटी व एसएसटी सहित अन्य पुलिस प्रशासन की टीम सजगता से अपना दायित्व निभा रही हैं और जिला प्रशासन की ओर से पुलिस विभाग के साथ मिलकर सघन वाहन चेकिंग अभियान भी चलाया जा रहा है।

जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने कहा कि जिले में मादक पदार्थ से लेकर नकदी के परिवहन को रोकने के लिए संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों पर विशेष व पैनी नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि लोकसभा आम चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एसएसटी की ओर से वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में चार पहिया वाहनों सहित सभी वाहनों की तलाशी ली जा रही है। वाहनों से संबंधित दस्तावेज की भी जांच की जा रही है, ताकि वाहनों के माध्यम से अवैध सामानों की हेराफेरी न हो सके। इसके लिए जिलेभर में चेकिंग बैरियर भी लगाए गए हैं, जहां पर 24 घंटे जांच व निगरानी रखी जा रही है।

# मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

- मतदाताओं को अपना विवरण जांचने के लिए अंतिम मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी




लोकसभा चुनाव में भागीदारी के लिए भारत चुनाव आयोग की ओर से मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है और मतदाताओं को इसमें अपना नाम सहित अन्य विवरण जांचने के लिए अंतिम मौका दिया है। सभी मतदाता समय रहते अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची में अपने नाम का अवलोकन कर करते है ताकि उन्हें मतदान करने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि मतदाता सूची में अपना नाम चैक करना बहुत ही आसान है। इसे ऑनलाइन अपने कंप्यूटर या मोबाइल से कर सकते हैं। मतदाता सूची में अपना नाम खोजने के लिए अपने राज्य एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के नाम, अपना प्रथम एवं अंतिम नाम, जन्म तिथि और आयु की जानकारी देनी होगी। डीसी ने बताया कि यदि आप अपने कंप्यूटर के जरिए यह काम कर रहे हैं तो चुनाव आयोग की वेबसाइट वोटर्स.ईसीआई.जीओवी.इन पर जाना होगा और इसमें दिख रहे सर्च इन इलेक्टोरल रोल ऑप्शन पर क्लिक करना होगा। इसके बाद आपकी स्क्रीन पर एक फार्म निकलेगा। आप इसमें जरूरी डिटेल भरने के बाद सर्च ऑप्शन पर क्लिक करेंगे तो आपके सामने मतदाता सूची से संबंधित आपकी जानकारी सामने आ जाएगी। साथ ही यह भी पता लग जाएगा कि आपका वोट किस मतदान केंद्र पर है। इसके अलावा आप इसी पेज पर ईपीआईसी नंबर के जरिए भी अपना नाम वोटिंग लिस्ट में चैक कर सकते है। यदि आपका फोन नंबर भारत चुनाव आयोग में रजिस्टर है तो आप फोन नंबर डालकर भी अपना नाम देख सकते हैं।




रेवाड़ी। शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना होते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र का किया भ्रमण

**बावल।** कृषि महाविद्यालय बावल के चौथे और पांचवें वर्ष के छात्रों ने इंडियन नेशनल अकेडमी ऑफ साइंसेस के सहयोग से आयोजित किए जा रहे एनसीआर जोनल विज्ञान सप्ताह के तहत आईसीएआर भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान का दौरा किया। कृषि महाविद्यालय के प्राचार्य डा. नरेश कौशिक ने छात्रों को यात्रा के महत्व के बारे में बताया और उन्हें इस अनुभव से अधिक से अधिक सीखने के लिए प्रेरित किया। कृषि महाविद्यालय के सहायक प्रोफेसर डा. प्रशांत चौहान और डा. शरणजीत धवन ने कार्यक्रम का संचालन किया। 32 छात्रों ने दिल्ली स्थित संस्थान का दौरा किया। यह शैक्षिक यात्रा यात्रा के दौरान छात्रों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे अनुसंधान के बारे में अवगत कराया गया, जोकि उनके करियर विकास के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही सभी को विश्व स्तरीय प्रयोगशालाओं का भ्रमण करने का अवसर भी प्राप्त हुआ।

# चुनावी सामग्री पर प्रतियों की संख्या अंकित होना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



डीसी राहुल हुड्डा

डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान प्रचार सामग्री का प्रकाशन करने के लिए पोस्टर या पंफलेट पर प्रकाशन करने वाले का नाम, प्रकाशन कराने वाले का नाम तथा प्रतियों की संख्या छपी होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन विभाग, हरियाणा निर्वाचन आयोग सहित जिला प्रशासन की ओर से चुनाव खर्च के विवरण पर पूरी निगरानी रखी जा रही है। इसलिए प्रिंटिंग प्रैस संचालक एनेक्सचर फार्म वन और बी भरकर यह स्पष्ट करेंगे कि प्रचार की सामग्री किस प्रैस से छपवाई गई और इस सामग्री को छपवाने वाला कौन है। साथ ही कितनी प्रतियां छापी गई हैं, यह ब्यौरा भी प्रैस संचालकों को देना होगा। डीसी ने बताया कि चुनाव प्रचार की सामग्री को प्रकाशित करने से पहले प्रैस संचालक इस बात की जांच कर लें कि प्रचार सामग्री की भाषा और विषयवस्तु में कोई आपत्तिजनक शब्द तो नहीं है। प्रचार सामग्री की भाषा किसी व्यक्ति या दल के प्रति अपमानजनक नहीं होनी चाहिए। यह शिकायत कहीं पाई गई तो प्रकाशन कराने वाले तथा प्रकाशक दोनों के खिलाफ जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 127 ए के तहत कार्यवाही की जा सकती है। उन्होंने बताया कि हैंडबिल, पंफलेट, पोस्टर व बैनर छापने का पूर्ण विवरण प्रैस संचालक अपने पास रखेंगे। इसे निर्वाचन विभाग की ओर से कभी भी मांगा जा सकता है।

## लगातार दूसरी बार मिली माया को जिम्मेदारी

# विकास बने युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



विकास माया।

कुंड मनेठी निवासी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय व केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा के पूर्व छात्र नेता विकास माया को भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व की ओर से लगातार दूसरी बार हरियाणा युवा कांग्रेस का प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया गया है।

विकास माया वर्तमान में आईआईटी रूड़की उतराखंड से पीएचडी कर रहे है। विकास माया करीब 10 साल से छात्र राजनीति व सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं। वर्तमान में विकास हरियाणा युवा कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश सह संयोजक के रूप में काम कर रहे हैं।

विकास इससे पहले प्रदेश प्रवक्ता व जिला संयोजक के रूप में काम कर चुके हैं। विकास ने कहा कि देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, अर्थव्यवस्था का खस्ताहाल, अपराध व असुरक्षा का माहौल सबसे बड़ा मुद्दा है। आज प्रदेश के छात्र, युवा, महिला, मजदूर व किसानों के हक व भागीदारी सहित अनेक मुद्दों को उठाने के साथ पार्टी को धरातल पर मजबूत करने का काम किया जाएगा।

### शीर्ष नेतृत्व का आभार

उन्होंने अपनी नियुक्ति पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व मलिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भुपेन्द्र सिंह हुड्डा, राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा, भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्लवरु, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी, हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रभारी मनीष चौधरी, हरियाणा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष व करनाल लोकसभा से प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा, कार्यकारी अध्यक्ष मयंक चौधरी, राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप मान, हरियाणा युवा कांग्रेस सोशल मीडिया के प्रभारी हिमांशु गोसाईं व प्रदेश सोशल मीडिया के संयोजक विशाल राणा का आभार व्यक्त किया है।

# आज से शुरू होंगे अगले बैच

- बावल खंड में दो बैचों का एफएलएन प्रशिक्षण सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ बावल



रेवाड़ी। सर्टिफिकेट दिखाते हुए प्राथमिक शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

राजकीय उच्च विद्यालय सुठानी में पहले बैच और दूसरे बैच के चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण का सोमवार को समापन हो गया। प्रशिक्षु शिक्षकों को समापन पर सर्टिफिकेअ प्रदान किए गए। खंड संसाधन संयोजक राजबाला ने कहा कि एफएलएन प्रशिक्षण से खंड बावल के सभी शिक्षकों को काफी लाभ मिलेगा। प्रशिक्षण ममता यादव ब्लॉक कोऑर्डिनेटर की देखरेख में एबीआरसी बलजीत नौलिया, एबीआरसी नवीता, एबीआरसी अनिता यादव व एबीआरसी अनूप सिंह की ओर से सभी शिक्षकों को खंड स्तर पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। खंड बावल के बैच 3 और बैच 4 का प्रारंभ 7 मई से किया जाएगा, जिसमे सभी शिक्षक एफएलएन प्रशिक्षण का लाभ उठाएंगे। प्रशिक्षण में सभी शिक्षकों का संपूर्ण रिकॉर्ड निदेशालय स्तर पर मॉनिटर किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में कक्षा 4 व 5 की शिक्षण विधियां बताई जाएंगी जो कि नई शिक्षा नीति के तहत बनाई गई है। 2025 तक नई शिक्षा नीति को सम्पूर्ण रूप से लागू किया जा रहा है, जिसमे बालवाटिका को भी शामिल किया गया है। खंड संसाधन संयोजक ने बताया की बावल ब्लॉक के सभी प्राथमिक अध्यापकों को यह ट्रेनिंग दी जा रही है।

### शतरंज स्पर्धा के विजेता आज होंगे सम्मानित

**रेवाड़ी।** जिला चेस एसोसिएशन की ओर से ऋषि वर्ल्ड स्कूल धारूहेड़ा में 12वीं जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिले के 18 स्कूलों के 190 खिलाड़ियों ने भाग लिया। उद्घाटन स्कूल की प्रधानाचार्य डा. बबीता वर्मा और संस्था के सचिव गोविंद शर्मा ने किया। शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में 9,13,15,19 और ओपन आयु वर्ग में खिलाड़ियों ने भाग लिया। 28वीं राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए जिले की टीम का चयन किया जाएगा। ऋषि वर्ल्ड स्कूल के डायरेक्टर डा. विभु पाल, हरियाणा शतरंज एसोसिएशन के महासचिव नरेश शर्मा व जिला शतरंज संघ के प्रधान त्रिवेंद्र गुप्ता विजेता खिलाड़ियों को पदक देकर सम्मानित करेंगे।

## खबर संक्षेप

### ऑटो चालक के खिलाफ केस दर्ज

**रेवाड़ी।** जीआरपी ने रेलवे स्टेशन के मेनगेट के पास ऑटो खड़ा करके रास्ता बाधित करने के आरोप में चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। जीआरपी के अनुसार नारनौल के बास मोहल्ला निवासी रणजीत अपना थ्री व्हीलर नारनौल रेलवे स्टेशन के गेट पर खड़ा करके सवारियां बैठा रहा था। हरकतों से बाज नहीं आने पर जीआरपी ने उसे गिरफ्तार करने के बाद उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### मारपीट व धमकी देने की आरोपी काबू

**धारूहेड़ा।** जोनावास में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गांव की महिला के बयान पर गत 11 अप्रैल को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने गांव निवासी लक्ष्मी व मंजीता को इस केस में गिरफ्तार किया है। बाद में दोनों महिलाओं को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### पचास वर्षीय महिला घर से लापता

**रेवाड़ी।** शहर की एक कॉलोनी से 50 वर्षीय महिला घर से लापता हो गई। पुलिस को दर्ज शिकायत में महेश ने बताया कि उसकी मां 30 अप्रैल को घर से बिना बताए कहीं चली गई। इसके बाद रिश्तेदारियों और दूसरे स्थानों पर उसकी मां की तलाश की गई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। सिटी पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद महिला की तलाश शुरू कर दी।

### पंजाबी मार्केट से बाइक ले गए चोर

**रेवाड़ी।** पंजाबी मार्केट से चोर एक दुकान के सामने खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। परशुराम कॉलोनी निवासी विक्रमजीत ने बताया कि वह एक दुकान पर सेल्समैन का कार्य करता है। उसने अपनी दुकान के पीछे गली में एक दुकान के सामने बाइक खड़ी की थी। शाम को घर जाते समय उसे बाइक गायब मिली। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का पता नहीं चला। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### समाजसेवा के कार्यों से अन्य लोगों को मिलती प्रेरणा

**भिवानी।** शहीद भगत सिंह चौक स्थित राजकीय कन्या वमा विद्यालय लोहड़ में समाजसेवी प्रेम हंस ने अपने पति स्वर्गीय अमरलाल हंस की स्मृति में वाटर कूलर भेंट किया। स्कूल परिसर में त्रिवेणी भी रोपित की गई।

## खर्च का अनुमान लगाने के लिए बनाई तीन टीमें

# चुनाव आयोग ने टीमें उतारीं मैदान में प्रचार सामग्री की वीडियोग्राफी शुरू

### सोमवार को शहर में शुरू हुआ वीडियोग्राफी का कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

चुनावी खर्च में मामले में प्रत्याशियों पर चुनाव आयोग की पैनी नजर है। आयोग ने प्रचार सामग्री पर होने वाले खर्च को प्रत्याशी के खर्च में जोड़ने के लिए अपनी टीमों को वीडियोग्राफी कराने के लिए मैदान में उतार दिया है। इन टीमों ने इश्तहार व होर्डिंग्स की वीडियोग्राफी का कार्य शुरू कर दिया है।


रेवाड़ी। बाजार में प्रचार सामग्री की विडियोग्राफी करने पहुंची टीम। फोटो : हरिभूमि

आयोग के निर्देश पर जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से खर्च का अनुमान लगाने के बाद उसे संबंधित प्रत्याशी के खाते में जोड़ दिया जाएगा। चुनावी खर्च को लेकर चुनाव आयोग पूरी सख्ती से कार्य कर रहा है। जिला निर्वाचन आयोग ने बावल, रेवाड़ी व कोसली में विभिन्न दलों के प्रत्याशियों की ओर से लगवाए जा रहे इश्तहार, हॉर्डिंग्स व दीवारों की पुताई कार्य का सर्वे कराना शुरू कर दिया है। तीनों टीमों ने इन हलकों में अपना काम शुरू कर दिया है। वीडियोग्राफी करने वाले मुख्य मार्गो से लेकर शहर की गलियों तक में लगे छोटे-छोटे इश्तहार को भी कैमरे में कैद कर रहे हैं, ताकि उन्हें प्रत्याशी के चुनावी खर्च में शामिल किया जा सके। सोमवार को आयोग की टीम ने शहर के विभिन्न इलाकों में जाकर वीडियोग्राफी का कार्य शुरू किया। शहर का सर्वे पूरा होने के बाद यह टीमें ग्रामीण क्षेत्रों में लगाई जा रही प्रचार सामग्री की रिकॉर्डिंग करेंगी। प्रचार सामग्री को कैमरे में कैद करने के बाद यह अनुमान लगाया जाएगा कि प्रत्याशी ने प्रचार पर कितना पैसा खर्च किया है। निर्धारित से अधिक पैसा खर्च करने वाले प्रत्याशियों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

#### अभी तक भाजपा के इश्तहार ज्यादा

सर्वे करने वाली टीम से जुड़े एक कर्मचारी ने बताया कि अभी तक भाजपा प्रत्याशी के पोस्टर और इश्तहार लगे हुए मिल रहे हैं। दूसरे दलों के प्रत्याशियों के इश्तहार बहुत कम नजर आ रहे हैं। कांग्रेस प्रत्याशी को टिकट देरी से मिली है। कांग्रेस प्रत्याशी का प्रचार भी अभी तक फीका नजर आ रहा है। सर्वे करने वाली टीमें नियमित रूप से अपने कार्य को अंजाम देंगी।

#### सोशल मीडिया का प्रचार भी शामिल

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार निर्वाचन विभाग की ओर से सोशल मीडिया खासकर यू-ट्यूब पर चलाई जा रही प्रत्याशियों के प्रचार की खबरों पर भी निर्वाचन आयोग की नजर है। नेताओं की चुनावी सभाओं की खबरों पर यू-ट्यूब चैनल पर चलाने की जानकारी भी एकत्रित की जा रही है।

उसे भी चुनावी खर्च में शामिल किया जाएगा।

#### तीनों हलकों में करा रहे वीडियोग्राफी

प्रचार सामग्री पर होने वाले खर्च का अनुमान लगाने के लिए तीनों हलकों में तीन टीमों को काम पर लगाया गया है। वीडियोग्राफी से खर्च का आकलन करने के बाद से प्रत्याशी के खर्च में शामिल किया जाएगा।

*-अजय कुमार, नायब तहसीलदार, निर्वाचन।*

#### रैलियों व सभाओं पर भी पैनी नजर

निर्वाचन आयोग की ओर से प्रत्याशियों की ओर से की जाने वाली रैलियों और चुनावी सभाओं पर भी पैनी नजर रखी जा रही है। इन पर होने वाली खर्च का लेखा-जोखा प्रत्याशी को देना होता है, लेकिन आयोग की ओर से खुद भी इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। इन सभाओं और रैलियों के खर्च को भी चुनावी खर्च में शामिल किया जाएगा।



### सीहा के युग चौहान ने किक बॉक्सिंग में जीते दो गोल्ड

**कुंड।** गांव सीहा निवासी पूर्व पंच ईश्वर सिंह चौहान के पौत्र युग चौहान नें फरीदाबाद में आयोजित राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में अलग-अलग इवेंट में दो गोल्ड मेडल जीतकर अपने परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि से पूरे गांव में खुशी की लहर है। युग चौहान नेशनल विक्टर पब्लिक स्कूल दिल्ली में 9वीं कक्षा की पढ़ाई कर रहा है। इससे पहले भी युग कई प्रतियोगिताओं में मेडल जीत चुका है व अब राष्ट्रीय प्रतियोगिता की तैयारी कर रहा है। इस उपलब्धि पर बाबू रामस्वरूपदास आश्रम के महंत नरोत्तमदास महाराज, धर्मदास महाराज व राधाकृष्ण मंदिर के महाराज शंकरदास सहित ग्रामीणों ने युग को बधाई दी है।

## क्रिकेट प्रतियोगिता के चारों ग्रुप के लिए पंजीकरण 8 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन के अंतर्गत होने वाली अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए 8 मई को पंजीकरण किए जाएंगे। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव राजेश दत्त शर्मा ने बताया कि रेवाड़ी क्रिकेट टीम के लिए अंडर 16, अंडर-19 अंडर-23 और सीनियर ग्रुप पटौदी ट्रॉफी के लिए जिले के इच्छुक खिलाड़ी 8 मई को राय क्रिकेट अकादमी हिंदू हाई स्कूल मॉडल टाउन में शाम 3 बजे अपना पंजीकरण करा सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के लिए प्रत्येक खिलाड़ी को नगर पालिका, नगर निगम व स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी डिजिटल प्रमाण पत्र आधार कार्ड, पिछले तीन वर्ष के विद्यालय या महाविद्यालय का प्रमाण पत्र, जिले का निवास प्रमाण पत्र व अपनी दो पासपोर्ट साइज फोटो लेकर आना अनिवार्य है। केवल पंजीकृत खिलाड़ियों को ही जिला क्रिकेट टीम के ट्रायल के लिए अनुमति दी जाएगी। सचिव शर्मा ने बताया की अंडर-16 टीम के लिए वही खिलाड़ी भाग ले सकता है। इस मौके पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव, मुख्य चयनकर्ता अजीत तोंगड़ व सहसचिव एडवोकेट संदीप यादव मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे।

## डेंगू व मलेरिया को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, सोर्स रिडेक्शन का किया जा रहा कार्य

- सोमवार को मलेरिया अधिकारी ने जिले के सभी एचआई को दिए कार्य में तेजी लाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले में डेंगू व मलेरिया बीमारी को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो चुका है। बीमारियों से बचाव के लिए मलेरिया विभाग की ओर से सर्वे किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मलेरिया व डेंगू के केस फैलने से रोकने के लिए सोर्स रिडेक्शन का कार्य भी किया जा रहा तथा स्लाइड तैयार की जा रही है। सोमवार को ट्रामा सेंटर में जिले के सभी हेल्थ इंस्पेक्टरों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मलेरिया अधिकारी डॉ अमित यादव व हेल्थ इंस्पेक्टर बिरेन्द्र सिंह ने जिले के सभी स्वास्थ्य निरीक्षकों को अपने-अपने क्षेत्र में सोर्स रिडेक्शन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। डॉ अमित ने कहा कि सभी एचआई अपने-अपने क्षेत्र में पूरी निष्ठा के साथ कार्य करें ताकि क्षेत्र में मलेरिया व डेंगू को फैलने से रोका जा सके। उन्होंने बताया कि मलेरिया व डेंगू से बचाव के लिए 141 तालाबों व जोहड़ में गम्बूजिया मछली छोड़ी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि एचआई अपने-अपने क्षेत्र में जमा गंदे पानी व ठहरे हुए पानी में काला तेल व टेलीफोस दवा डलवाएं ताकि मच्छर के लार्वा को पनपने से रोका जा सके। जिले में अभी तक घरों में लार्वा मिलने पर 37 लोगों को नोटिस भी दिए जा चुके है। इस मौके पर एचआई हरिप्रकाश, सुरेन्द्र, हंसराज व नरेश सहित जिले के सभी स्वास्थ्य निरीक्षक मौजूद थे।


रेवाड़ी। स्वास्थ्य निरीक्षकों की बैठक लेते डॉ अमित यादव।

## राव इंद्रजीत जो वादा करते हैं वो निभाते हैं : आरती

- पीएम मोदी लगा चुके हैं राव के वादे पर मुहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी की सदस्या आरती राव ने कहा कि उनके पिता एवं गुरूग्राम लोकसभा क्षेत्र से उम्मीवार राव इंद्रजीत सिंह अपनी बात के धनी हैं। जो कहते हैं वह करते हैं, फिर चाहे अपनी बात मनवाने के लिए उन्हें किसी हद तक जाना पड़े। उनकी बेबाकी व काम की जिद का प्रमाण स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एम्स के शिलान्यास अवसर पर दे चुके है। शिलान्यास के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि राव जो कहते हैं उसे कराकर ही दम लेते हैं। जनता के प्यार व विश्वास के कारण ही राव इंद्रजीत सिंह पिछले 45 सालों से राजनीति कर रहे हैं। आरती सोमवार को लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में चुनावी सभा में बोल रही थी। ग्रामीणों ने उनका बैंड बाजों व फूल मालाओं से स्वागत करते हुए इस बार भी भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से जिताकर लोकसभा भेजने का वादा किया। आरती राव ने कहा कि केंद्रीय मंत्री का काम बड़ा होता है। राव के पास केंद्र में योजना विभाग रहा है, मतलब देश के विकास की जो योजनाएं बनती है, वह उनके विभाग के जरिये ही निकलती है। राव को दक्षिणी हरियाणा ने अपने दिल में बिठाया हुआ है, और वह इसलिए कि उन्होंने हमेशा लोगों द्वारा दिए गए सम्मान व ताकत का इस्तेमाल उनकी भलाई के लिए किया है। केंद्र सरकार ने बेशक देशभर में विकास कार्यों की झड़ी लगाई हुई है, लेकिन राव इंद्रजीत सिंह ने अपने क्षेत्र को विकास के मामले में कभी पीछे नहीं रहने दिया। उन्होंने कहा कि रेवाड़ी-पटौदी -गुरुग्राम नेशनल हाईवेका काम तेजी से चल रहा है। जल्द ही निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा उनकी यात्रा सुगम हो जाएंगे। इस रोड़ में पटौदी बाईपास भी शामिल है। इस हाईवे पर 2800 करोड़ रुपये की लागत आई है। आरती राव ने आज घोषगढ़, सांपका, जोड़ी कलां, जोड़ी खुर्द, जटौला, मुमताजपुर, तुर्कापुर, भौखरका, मऊं, दरापुर तथा लोकरा में चुनावी सभाओं को संबोधित किया।





### यादव सभा के स्वास्थ्य कैंप में 131 लोगों की जांच

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्रीकृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 131 लोगों के स्वास्थ्य की जांच करके फ्री दवाईयां प्रदान की गई। शिविर में डॉ. एसपी यादव ने मेडिसिन, डॉ. सिद्धार्थ यादव ने हड्डीरोग, डॉ. सुनील यादव ने सर्जरी, डॉ. अनिल यादव ने दंत रोग व डॉ. योगेन्द्र यादव ने स्त्रीरोग के मरीजों की जांच की। शिविर में प्रधान रामबीर यादव, प्रोफेसर आर एस यादव, डा. यशपाल यादव, जसवंत सिंह यादव, अमर सिंह, राम सिंह, सुरेंद्र सिंह, सभा के प्रवक्ता सतीया यादव व बिक्रम ने योगदान दिया।

## नशे के दुष्प्रभाव के प्रति किया जागरूक

- पुलिस टीम ने सभी से यातायात के नियमों का पालन करने की भी अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के मार्गदर्शन में महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने व जागरूक करने के उद्देश्य से दुर्गा शक्ति टीम की ओर से सोमवार को गवर्नमेंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल गढ़ी बोलनी में विद्यार्थियों, शिक्षकों व कर्मचारियों को जानकारी दी गई। इस अवसर पर दुर्गाशक्ति इंचार्ज एएसआई सुनीता ने महिला व बच्चों विरूद्ध अपराध व साइबर अपराध सहित विभिन्न प्रकार के अपराधों की जानकारी दी तथा अपराधों की पहचान, बचाव व अपराध होने पर उनके निवारण सहित नशे के दुष्प्रभाव के प्रति सभी को जागरूक किया। पुलिस टीम ने अपराधों के लिए लागू किए गए सजा के प्रावधानों सहित विशेष अधिनियम पोक्सो एक्ट व बाल किशोर अधिनियम के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने स्टाफ व विद्यार्थियों को पुलिस सहायता प्राप्त करने के लिए डायल-112 सेवा के बारे में बताया तथा पुलिस की दुर्गा शक्ति व डायल-112 एस को अपने मोबाइल में इंस्टॉल करने व इनके प्रयोग करने के बारे में अवगत कराया। पुलिस टीम ने सभी से यातायात के नियमों का पालन करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि आज का युवा नशे के दलदल में फंसता जा रहा है, इसलिए सभी स्टूडेंट्स नशे से दूरी बनाते हुए खेलों पर ज्यादा ध्यान दें। उन्होंने नशे के आदि लोगों के लिए नशा मुक्ति केंद्र की सुविधाओं से भी अवगत कराया। स्कूल के प्रिंसिपल सुरेन्द्र कुमार ने पुलिस टीम का धन्यवाद करते हुए भविष्य में भी समय-समय पर इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करने की अपील की।


रेवाड़ी। शिक्षकों व विद्यार्थियों को जागरूक करती पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि



### छात्राओं की विभिन्न समस्याओं का किया निवारण

**रेवाड़ी।** महेन्द्रगढ़ रोड स्थित वीआईपी स्कूल में सीनियर वर्ग की छात्राओं के लिए काउंसलिंग का आयोजन किया गया। साइको-शिक्षा सेशन का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में वर्तमान परिवेश में आने वाली विभिन्न समस्याओं का निवारण करना था। इस अवसर पर काउंसलर सोनू धनखड़ ने युवा अवस्था में आने वाली समस्याओं यथा स्वाभाविक क्रोध पर नियंत्रण, तनाव-मुक्त शिक्षा व सामाजिक व्यवहारिक समन्वय का उचित स्थापन पर बल दिया। उन्होंने छात्राओं की ओर से रखी गई समस्याओं का उचित मनोवैज्ञानिक निराकरण किया। कोर्डिनेटर अध्यापिका प्रियंका यादव एवं अध्यापिका अनिता ने बताया की काउंसलिंग की जरूरत न सिर्फ परेशानी में, बल्कि जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए खुद को तैयार करने के दौरान भी पड़ती है। आने वाले समय में इसका दायरा और भी तेजी से बढेगा। इस दौरान अध्यापिका पूनम ने छात्राओं को सेल्फ डिफेंस की जानकारी दी।

**नाटक आज के समसामयिक विषय पर करारा व्यंग्य, नाटक में राजनीति से लेकर राज व्यवस्था पर कटाक्ष भी किया गया**

# बाल भवन में हुआ ‘नाटक नहीं’ का मंचन, राजनीति से लेकर राज व्यवस्था पर किया कटाक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भरतमुनी कला केंद्र की ओर से शुरू की गई अनूठी पहल के तहत बाल भवन में ‘नाटक नहीं’ नामक नाटक का मंचन किया गया। संस्था के प्रधान मदन डागर व डा. अंकुर ने बताया कि रंगमंच उत्थान श्रृंखला के अंतर्गत कोई भी रंगकर्मी या नाट्य दल रेवाड़ी में आकर नाटक कर सकता हैं, जिसके लिए मंच से लेकर सभी स्थानीय व्यवस्था संस्था की ओर से की जाएगी। इसी श्रृंखला में शहर के वरिष्ठ रंगकर्मी सतीश मस्तान की ओर से निर्देशित व वैष्णव लक्ष्मीकांत की ओर से लिखित ‘नाटक नहीं’ के मंचन के अवसर पर भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता वंदना पोपली ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ रंगकर्मी रामचरण ने की। वरिष्ठ रंगकर्मी मास्टर देशराज व मास्टर विजय शर्मा विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। संस्था की उपप्रधान हिमानी ने बताया कि नाटक आज के समसामयिक विषय पर करारा व्यंग्य हैं। इस नाटक में राजनीति से लेकर राज व्यवस्था पर कटाक्ष भी किया गया है। नाटक की शुरूआत में दो भिखारी लोगों से उनके धर्म के अनुसार भीख मांगने का तरीका अपनाते हैं। आदमी अगर हिंदू हुआ तो भगवान के नाम पर दे बाबा व मुस्लिम हुआ तो अल्लाह के नाम पर दे बाबा। एक घंटे तक चले नाटक में धर्म, राजनीति, महिला सशक्तिकरण, रोजगार व न्याय व्यवस्था सहित अनेक समाजिक मुद्दों के कटाक्ष पर अभिनय के माध्यम से दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। भ्रष्ट नेता तथा भ्रष्ट अधिकारियों पर भी व्यंग किया गया।



रेवाड़ी। बाल भवन में नाटक का मंचन करते कलाकार। फोटो :हरिभूमि


रेवाड़ी। अतिथियों के साथ नाटक के कलाकार। फोटो :हरिभूमि

### इन लोगों ने निभाया नाटक में किरदार

नाटक में भिखारी नंबर एक का किरदार ललित वर्मा, भिखारी नंबर दो की भूमिका आर्यन, आगंतुक की भूमिका मोहित राजपूत, पीड़िता की भूमिका आरती सक्सेना, मोलवी की भूमिका आरव यादव, औरत की भूमिका प्रियंका यादव, भिखारिन की भूमिका आंचल, नेता की भूमिका डा. अंकुर खेर व सेठ की भूमिका कशिश बत्रा ने निभाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वंदना पोपली ने कहा कि दक्षिण हरियाणा में सांस्कृतिक संस्था भरतमुनि की यह शानदार पहल है कि रंगमंच उत्थान श्रृंखला के अंतर्गत नाटक जैसी विधा को जीवंत रखने के लिए सराहनीय प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि सभी अपने परिचितों को नाटक देखने के लिए प्रेरित करे, क्योंकि आज के समय में जो फिल्में बन रही है, उनमे न कोई अभिनय होता है और न ही कोई अच्छा संगीत, फिल्मों में सिर्फ फूहड़ता का ही प्रदर्शन किया जाता है। उन्होंने कहा कि नाटक में समाज के प्रति सकारात्मक संदेश दिया जाता है। इस अवसर पर पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी धर्मवीर बल्डोदिया, के के सक्सेना, सुशांत यादव, रमेश वशिष्ठ, वीरेन्द्र कुमार, एच सी संतोष, आलोक भांडोरिया, संजय चौधरी व कलाकार अभिषेक सैनी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।